भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 146
गुरुवार, 2 फरवरी, 2023/13 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

दुनिया के शीर्ष पर्यटक देशों में भारत का स्थान

146. श्री परिमल नथवानीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दुनिया के शीर्ष पर्यटन देशों की सूची में भारत का कौन सा स्थान है;

(ख) क्या सरकार ने पर्यटकों के आगमन और उनसे राजस्व अर्जित करने के संबंध में भारत को शीर्ष दस पर्यटन देशों में से एक बनाने की परिकल्पना की है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): अद्यतन यूएन डब्ल्यूटीओ बैरोमीटर (नवम्बर 2022) के अनुसार वर्ष 2022 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन की दृष्टि से सभी देशों में भारत 19वें स्थान पर है।

(ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के समग्र रूप में संवर्धन के लिए सम्भावित अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में अनेक संवर्धनात्मक कार्यकलाप करता है। इसमें 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत मीडिया अभियान, सोशल मीडिया संवर्धन, वेबिनार, संवर्धनात्मक आयोजनों में भागीदारी और सहायता, सूचना का प्रसार और वेबसाइट के जरिए सम्पर्क आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय के विदेश स्थित भारत पर्यटन कार्यालय और विदेश स्थित भारतीय मिशन भी अधिकाधिक वैश्विक यात्रियों को देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों की तरफ आकर्षित करने के लिए अनेक संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं।

भारत को विश्व के शीर्षस्थ पर्यटक गंतव्यों में से एक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय देश में वीज़ा तंत्र को सरल बनाने के लिए गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। अब ई-वीज़ा योजना 165 देशों के नागरिकों के लिए उपलब्ध है और यह निम्नलिखित पाँच श्रेणियों में उपलब्ध है:-

i. ई-पर्यटक वीज़ा
ii. ई-बिजनेस वीज़ा
iii. ई-चिकित्सा वीज़ा
iv. ई-सम्मेलन वीज़ा
v. ई-चिकित्सा वीज़ा

ई-वीज़ा निर्दिष्ट 29 हवाईअड्डों तथा 5 समुद्री पत्तनों के जरिए प्रवेश के लिए वैध है।

****